Title: Need to ensure early payment of dues to the sugarcane growers in the country particularly in Bihar.

श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, देश की अधिकांश चीनी मिलों में गन्ना उत्पादक कृाकों के करोड़ों रुपए बाकी हैं। कीमत का भुगतान नहीं हो रहा है। कृाक परेशान हो रहे हैं। बिहार राज्य में अवस्थित चीनी मिलों द्वारा भुगतान की स्थिति तो और भी बदतर है। जाहिर है, गन्ने की खेती काफी खर्चीली होती है। चीनी मिलों में गन्ने की आपूर्ति कर देने के पश्चात् समय पर उसकी कीमत का भुगतान नहीं होने से गन्ना कृाकों को अत्यधिक कठिनाई उठानी पड़ती है। अतः ऐसा प्रावधान हो कि गन्ना-आपूर्ति के 15 दिनों के अन्दर उसकी कीमत का निश्चित भुगतान हो अन्यथा जब तक राशि बाकी रहे, उसका बैंक दर से ब्याज दिया जाए।

अतः अनुरोध है कि सरकार गन्ना कृाकों को तत्काल बकाया गन्ना-कीमत का भुगतान कराएं एवं विलम्ब होने पर ब्याज सहित उसके भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराए।